सेंटर पॉइंट स्कूल विजेता

टीसीएस आयटी विज २०१७



नागपुर। नागपुर, भिलाई, रायपुर और दुर्ग के विभिन्न स्कूलों के नौसो से ज्यादा छात्रों ने १२ सितंबर को डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल, सिविल लाइंस में आयोजित टीसीएस आयटी क्विज २०१७ में हिस्सा लिया। भारत के सबसे बड़े आंतर विद्यालयीन आयटी क्वीज समारोह टीसीएस आयटी विज का आयोजन भारत की अग्रणी आयटी सेवा प्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया करानेवाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है।

कक्षा ८वीं से १२वीं के विद्यार्थियों के लिए इस निःशुल्क प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष की प्रश्नोत्तरी का विषय था 'स्वचालन,प्रासंगिक ज्ञान, मशीन सीखना, और फुर्तीली' टेक्नोलॉजी पर आधारित विश्वस्तरीय संकल्पनाओ पर इस प्रश्नोत्तरी के माध्यम से चर्चा होती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को भविष्य में इसका फायदा होगा। लिखित स्वरूप में प्राथमिक राउंड के बाद अंतिम राउंड के लिए छह टीमो का चयन हुआ। क्षेत्रीय अंतिम राउंड प्रश्नोत्त-री के पाच राउंड के बाद सेंटर पॉइंट स्कूल , वर्धमान नगर के अर्चित वेणुगोपालन और संचित खेडकर ने प्रतियोगिता में जीत हासिल की। प्रादेशिक अंतिम राउंड के दोनों विजेताओ को ६० हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर्स तथा उपविजेता साबित हुए कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर के गौरजा ऐरोन और यशराज मिश्रा को ४० हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर्स था स्मृतिचिन्ह व पदक देकर सन्मानित किया गया।